प्रेस नोट

थाना - पिलखुवा   दिनांक 16-03-2023

- **थाना पिलखुवा पुलिस ने किराये पर कमरा लेकर मकान मालिक व परिजनों को नशे/नींद की गोलियां खिलाकर घरों में चोरी करने वाले शातिर चोर को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे से थाना पिलखुवा व हापुड देहात क्षेत्रांतर्गत कारित की गयी चोरी की घटनाओं से सन्बन्धित पीली एवं सफेद धातु के आभूषण, दो हजार रूपये नकद बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त अलग अलग स्थानों पर किराये पर कमरा लेकर मकान मालिक/परिजनों को दूध आदि में नशीली गोलियां खिलाकर बेहोश होने पर उनके मकानों में चोरी की घटनाओं को देता था अंजाम।**
- **अभियुक्त को तत्समय गिरफ्तार कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस विभाग को गौरवान्वित करने वाले आरक्षी विक्रम सिंह व होमगार्ड फिरोज को श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा उत्साहवर्धन हेतु 2,100-2,100/- रूपये नकद एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।**

कार्यवाहीः-

हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं चोर/लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना पिलखुवा पुलिस द्वारा ने किराये पर कमरा लेकर मकान मालिक व परिजनों को नशे/नींद की गोलियां खिलाकर घरों में चोरी करने वाले शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे से थाना पिलखुवा व हापुड देहात क्षेत्रांतर्गत कारित की गयी चोरी की घटनाओं से सन्बन्धित पीली एवं सफेद धातु के आभूषण, दो हजार रूपये नकद बरामद हुए है।

उपरोक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना पिलखुवा पर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

हिमांशु शर्मा पुत्र रविन्द्र शर्मा निवासी शंकर बिहार कालोनी गली न0 3 लालकुआं थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर।

गिरफ्तारी का स्थान- मौ0 रजनी बिहार एनएच-9 से।

बरामदगी का विवरणः-

- दो जोडी पायल सफेद धातु ,दो अंगुठी पीली धातु, एक चैन पीली धातु व 2000 रूपये सन्बन्धित मु0अ0स0 118/23 धारा 328/380 थाना पिलखुवा जनपद हापुड।
- एक चैन मय लोकेट पीली धातु, दो बडे कुंडल पीली धातु व दो छोटी बाली कान पीली धातु सम्बन्धित मु0अ0सं0 107/23 धारा 380/328/411 भादवि थाना हापुड देहात जनपद हापुड।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री विपिन कुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
2. है0का0 63 राजकुमार थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
3. का0 748 विक्रम सिंह थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।
4. होमगार्ड फिरोज थाना पिलखुवा जनपद हापुड़।